Need to establish a modern multi-purpose stadium under Khelo India scheme in Khagaria district, Bihar-Laid

श्री राजेश वर्मा (खगड़िया) : बिहार के कई जिलों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन खगड़िया जैसे जिले, जहाँ अपार संभावनाएँ हैं,वहां संसाधनों का अभाव है । हमारे युवा महेन्द्र सिंह धोनी, पी.टी. उषा, सचिन तेंदुलकर और पी.वी. सिंधु जैसी महान हस्तियों की तरह खेल जगत में देश का नाम रोशन करना चाहते हैं,लेकिन उचित ट्रेनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में उनकी प्रतिभा दम तोड़ देती है । खगड़िया जिले में कई युवा खिलाड़ी एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी और क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन अब तक वहाँ एक भी प्रोफेशनल ट्रेनिंग सेंटर या आधुनिक स्पोर्ट्स स्टेडियम नहीं है । हमारे खिलाड़ियों को अगर सही संसाधन मिले, तो वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं । Khelo India योजना के तहत अगर यहाँ एक मल्टीपरपज स्टेडियम बनाया जाए, तो यह न केवल खिलाड़ियों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात होगी ।एक मल्टीपरपज स्टेडियम बनने से युवा खिलाड़ियों को उचित ट्रेनिंग मिलेगी और वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और भारत का नाम रोशन कर सकते हैं ।मेरी सरकार से मांग है कि खगड़िया में Khelo India योजना के तहत एक आधुनिक मल्टीपरपज स्टेडियम को मंजूरी दी जाए और स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों में खेल सुविधाओं को अपग्रेड किया जाए ।